



# मऊगंज में अपर कलेक्टर ने की 29 आवेदनों में सुनवाई

## जमीन से जुड़े सबसे ज्यादा पहुंचे मामले, सात दिवस में निराकरण के दिए गए निर्देश

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 9 दिसम्बर, मऊगंज कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया. अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय ने आमजनता के 29 आवेदन पत्रों में सुनवाई की. अपर कलेक्टर ने अधिकारियों को जनता के आवेदन पत्रों का सात दिवस में निराकरण करने के निर्देश दिए.**



जनसुनवाई में रामलखन कुशवाहा निवासी ग्राम खजुरहन ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया. अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए. जगजीवन जायसवाल निवासी ग्राम लौर खुर्द ने खसरे में सुधार के लिए आवेदन दिया. अपर कलेक्टर ने तहसीलदार देवतालाब को कार्यवाही के निर्देश दिए. प्रेमलाल सिंह निवासी ग्राम गढ़वा ने संबल योजना के लाभ के लिए आवेदन दिया. अपर कलेक्टर ने जिला श्रम पदाधिकारी को आवेदक संबल योजना का लाभ देने के निर्देश दिए. देवेन्द्र पटेल निवासी ग्राम खरिका ने धान पंजीयन के सत्यापन के लिए आवेदन दिया. अपर कलेक्टर ने जिला आपूर्ति अधिकारी तथा तहसीलदार को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए. झरियारी प्रजापति निवासी ग्राम पटेहरा ने निजी स्वामित्व की भूमि में किए जा रहे निर्माण कार्य में बाधा डालने वालों पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया. अपर कलेक्टर ने तहसीलदार हनुमना को प्रकरण में कार्यवाही के निर्देश दिए.

सुशीला सेन निवासी ग्राम ऊंची ने पति की मृत्यु पर अनुग्रह सहायता के लिए आवेदन दिया. अपर कलेक्टर ने तहसीलदार मऊगंज को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए. जनसुनवाई में संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

### जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक आज

मऊगंज, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला नजूल निर्वर्तन समिति की बैठक 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट मऊगंज के सभागार में आहूत की गयी है. बैठक में शासकीय नजूल भूमि आवंटन के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा. कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं.

### गहरवार नर्सिंग होम मऊगंज को बंद करने के आदेश

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने संचालक गहरवार नर्सिंग होम जिला मऊगंज को नर्सिंग होम को तत्काल बंद करने के आदेश दिए हैं. स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 7 नवम्बर 2025 को नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया था. निरीक्षण में नर्सिंग होम में कई कमियाँ पाई गई थीं जिसके संबंध में कारण बताओ नोटिस दिया गया था. नोटिस का संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर नर्सिंग होम को बंद करने के आदेश दिए गए हैं. संचालक गहरवार नर्सिंग होम उसमें भर्ती मरीजों को तत्काल जिला अस्पताल मऊगंज में भर्ती कराएं तथा नर्सिंग होम का संचालन बंद करें.

# करोड़ों की लागत से बन रहा भवन खंडहर में तब्दील

नवभारत न्यूज

**नईगढ़ी, 9 दिसम्बर, नईगढ़ी क्षेत्र के प्रतिष्ठित शहीद भैरव प्रसाद उर्मिलिया हाई सेकेंडरी स्कूल, शिवराजपुर की बहुप्रतिक्षित भवन निर्माण परियोजना वर्षों से अधूरी पड़ी है. करोड़ों की लागत से शुरू हुआ स्कूल भवन आज खंडहर का रूप ले चुका है. स्थानीय लोग इसे 'भ्रष्टाचार की जीती-जागती मिसाल' बता रहे हैं.**

स्कूल का यह भवन न सिर्फ शिक्षा के अधिकार पर चोट है, बल्कि शहादत की उस विरासत का भी अपमान है, जिनके नाम पर यह विद्यालय संचालित है. स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से लगातार अनियमितताएँ सामने आती रहीं, लेकिन जिम्मेदार विभागों ने आज तक इस पर ठोस कार्रवाई नहीं की. स्कूल भवन के अलावा जिले में कई और परियोजनाएँ वर्षों से अधूरी पड़ी हैं. ग्रामीणों ने जिन भवनों की सूची प्रशासन तक पहुँचाई है, उनमें करह सीएफटी भवन, माड़ौ सीएफटी भवन, फूलकरन सिंह सीएफटी भवन, पुरैनी सीएफटी भवन, कोट सीएफटी, जोरौट स्कूल भवन, बैजला स्कूल भवन, बहेरा, हडिया, करह हाट बजार, रामपुर आंगनवाड़ी भवन, भदाबल जलपान गृह शामिल है. इनमें से कई भवन निर्माणाधीन हालत में ही जर्जर होने लगे हैं. स्थानीय लोगो को जिले के कलेक्टर संजय कुमार जैन से उम्मीद है कि इन परियोजनाओं की उच्चस्तरीय जाँच कराते हुए जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी. तभी क्षेत्रीय भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा.

### जनपद अध्यक्ष ने उठाया मुद्दा

जनपद पंचायत नईगढ़ी की अध्यक्ष ममता कुंज बिहारी तिवारी ने इस भवन सहित कई अधूरी परियोजनाओं पर लिखित रूप से संबंधित विभागों को शिकायत भेजी है. वहीं, अगस्त क्रांति मंच ने भी कई बार जिला प्रशासन को पत्र लिखकर जाँच और कार्रवाई की माँग की, लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है.

# सेवा सहकारी समिति टटिहरा में धान खरीदी में चल रही मनमानी

## ऑपरेटर को हटाने की मांग

नवभारतन्यूज

**हनुमना, 9 दिसम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना तहसील अंतर्गत सेवा सहकारी समिति टटिहरा ( लीड पहाड़ी ) धान खरीदी केंद्र में डाटा ऑपरेटर योगेंद्र पांडे जो कि इस ग्राम का मूल निवासी है.**

उसके द्वारा स्थानीय व्यापारियों की धान कमीशन में क्रय करने बाहरी धान की खरीदी का गोरख धंधा जोरों से किया जा रहा है. उक्त आरोप लगाते हुए समाजसेवी बृजेंद्र कुमार दुबे एडवोकेट सामाजिक कार्यकर्ता चरैया ने कहा कि समिति प्रबंधक को ऑपरेटर द्वारा दरकिनार कर दिया गया है. गत वर्ष यही ऑपरेटर हटवा समिति में था जो कि यह सेंटर टूट गया धान खरीदी केंद्र की कमाई से इसके द्वारा रीवा, हनुमना में दो आलीशान भवन का निर्माण कराया गया है टड़हर में राइस मिल एवं गोदाम का निर्माण भी अपने भाई के नाम से संचालित कर रखा है इस ऑपरेटर को तुरंत एवं तत्काल हटाया जाए एवं धान खरीदी केंद्र की व्यापक निगरानी की जाए विदित हो कि बाहरी व्यापारियों को स्थानीय जमीदारों एवं अपने रिश्तेदारों का परमिट इसके द्वारा प्रदान किया जाता है एडवोकेट एवं सामाजिक कार्यकर्ता बृजेंद्र कुमार दुबे सरिया ने जिला अधिकारी मऊगंज एवं जिला पंचायत सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर से यह मांग है कि योगेंद्र पांडे को तत्काल हटाया जाए एवं जांच करा कर कार्रवाई किया जाए.

# मतदाता सूची के सत्यापन कार्य के संबंध में वीडियो कांफ्रेसिंग आयोजित

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 9 दिसम्बर, फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्य के संबंध में मतदाता सूची में सत्यापन का कार्य किया जा रहा है.**

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि आगामी चार दिनों में शत प्रतिशत सत्यापन करंन ताकि सूची पूर्णत: शुद्ध रहे. वीडियो कान्फ्रेसिंग में निर्देश दिये गये कि अनुपस्थित, सिफ्टेड, डुप्लीकेट तथा रिजेक्टेड मतदाताओं के नाम सूची में सत्यापित कर मतदान केन्द्र कर इसकी पुष्टि भी करें साथ ही बीएलओ द्वारा किये गये एसआईआर कार्य के पुख्ता सबूत भी रखें.

इस अवसर पर बताया गया कि मतदाता सूची से नाम कटने वाले मतदाताओं के स्पष्ट प्रमाण भी रखें तथा ली गई मैपिंग को रेण्डम चेक भी करें. राजनैतिक दलों के साथ बूथ लेवल पर बैठकें करने, सूची का वाचन करने के साथ ही मैपिंग में की गई त्रुटि के सुधार के निर्देश वीडियो कान्फ्रेसिंग में दिये गये.

# धूमधाम से मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई की जयंती

नवभारत न्यूज

**गुढ़, 9 दिसम्बर, अखिल भारतीय कोरी-कोली समाज द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना झलकारी बाई कोरी की जयंती बड़े सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई.**

कार्यक्रम का उद्देश्य वीरांगना झलकारी बाई के अदम्य साहस, देशभक्ति और समाज में जागरूकता लाने वाले उनके योगदान को याद करते हुए नई पीढ़ी को प्रेरित करना रहा. समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी सुदर्शन प्रसाद वर्मा रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. मिश्रा, जिला अध्यक्ष बाबूलाल कोरी तथा संभागीय जिला अध्यक्ष रामशरण बुनकर उपस्थित रहे. मंच संचालन सरपंच सुरेंद्र यादव, एडवोकेट सूर्य प्रकाश मिश्रा और शिआसरन कबीर ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन जयलाल कोरी ने संभाला. आयोजन की जिम्मेदारी अमृत लाल कोरी, डॉ. रमेश कुमार वर्मा, एडवोकेट अशोक कुमार वर्मा, रामबली कोरी, राजाराम कोरी, नंदलाल सिवदाश कोरी, राजू कोरी, संतोष कोरी और छोटेलाल कोरी ने निभाई. कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष सबित्री कोरी, कुसुम दाहिया, रानी कोरी और प्रयाग कोरी की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही. अतिथियों ने समाज की एकता, शिक्षा, स्वास्थ्य और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया. विशिष्ट अतिथि डॉ. बी.एल. मिश्रा ने शिक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई. एड. सूर्य प्रकाश मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम उत्साह, ऊर्जा और सामाजिक एकता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ.



गुढ़ में झलकारी बाई की जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग

# रतनगवां स्कूल में छात्रों को पढ़ाया गया यातायात का पाठ

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 9 दिसम्बर, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी एवं एसडीओपी शशि पाठक के मार्गदर्शन में रतनगवां हायर सेकेंड्री विद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**



जिसमें मुख्य रूप से यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की. कार्यक्रम के दौरान नरेश प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क पर चलने के मूल नियम, सड़क संकेतों का महत्व, वाहन चलाते समय सावधानियों तथा ओवरस्पीडिंग के खतरे के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका सही यातायात नियमों का पालन करना है.

यातायात प्रभारी ने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया और विद्यार्थियों को स्वयं हेलमेट पहनने के साथ-साथ अपने परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की. कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को हेलमेट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई.

### वाटरशेड महोत्सव 16 को

मऊगंज, 9 दिसम्बर, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के प्रत्येक परियोजना क्षेत्र में 16 दिसंबर तक वाटरशेड महोत्सव आयोजित किये जा रहे हैं. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बताया कि जिले में वाटरशेड महोत्सव में विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा. उन्होंने परियोजना क्षेत्र में जल यात्राओं के आयोजन, वाटरशेड पर आधारित फिल्म एवं गानों का प्रस्तुतिकरण, पूर्ण हो चुके कार्यों का लोकार्पण, वाटरशेड मिशन पुनरूत्थान का शुभारंभ, श्रमदान कार्य, जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी.

# एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 9 दिसम्बर, फोटो निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण कार्य ( एसआईआर ) के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिले के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई.**

कलेक्टेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिले में मतदान केन्द्रों में गणना पत्रकों का सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया जा चुका है. जिले में मैपिंग की स्थिति काफी अच्छी है. जो अनमैप मतदाता है उनका सत्यापन कार्य किया जा रहा है. आगामी तीन दिनों तक अनमैप्ड, शिफ्टेड तथा छूटे हुए मतदाताओं की मैपिंग की जायेगी ताकि दावे आपत्ति के समय कम से कम मतदाता की आपत्तियाँ आयें. उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की कि बीएलए की नियुक्ति करते हुए बीएलओ से छूटे हुए मतदाताओं की सूची प्राप्त करें तथा इनको मतदाता सूची में शामिल होने में सहयोग करें. जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि रीवा शहर में छूटे हुए मतदाता या ऐसे मतदाता जिनके नाम सूची में शामिल नहीं है उनके लिये चार स्थान निर्धारित किये गये हैं जहां से वह संबंधित जानकारी प्राप्त कर नाम जोड़ने की प्रक्रिया करा सकेंगे साथ ही हेल्पलाइन नं. में भी सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी. बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता के अद्यतन किये जाने तथा पात्र व्यक्तियों का सत्यापन व सूची में नाम दर्ज होने में सहयोग की अपेक्षा की गई.

### स्वास्थ्य समिति गठित

मऊगंज, 9 दिसम्बर, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला स्वास्थ्य समिति का गठन किया गया है. स्वास्थ्य समिति के सचिव सीएमएचओ डॉ. संजीव शुक्ला होंगे जबकि सदस्य के तौर पर डिप्टी कलेक्टर पवन गुरैया, डॉ. आर.बी. चौधरी, डॉ. केबी गौतम, डॉ. अभिनव त्रिपाठी, डॉ. संजीव शुक्ला, डॉ. देवेन्द्र वर्मा, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. विकास सोहगौरा, डॉ. सुधीर वर्मा, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा आदि शामिल है.

# प्रयोगशाला परिचारक को मूल पद में भेजे जाने की मांग

नवभारत न्यूज

**मऊगंज, 9 दिसम्बर, देश बचाओ आध्यात्मिक राष्ट्रीय पुनर्जागरण अभियान के राष्ट्रीय प्रचारक मुन्द्रिका प्रसाद त्रिपाठी 'विश्वमित्र', संरक्षक विपिन कुमार सिंह, मार्गदर्शक उमाकान्त पाण्डेय, वरिष्ठ सहयोगी रामेश्वर गुप्ता एवं दशरथ शुक्ला ने कहा कि निलंबन और बर्खास्तगी हुई.**

जबकि छात्रावास के वार्डन द्वारा सीधे पंकज श्रीवास्तव के ऊपर घूंसखोरी का आरोप लगने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना आपके कार्यालय का दोहरा मापदण्ड प्रदर्शित करता है. ज्ञात हो कि पकंज श्रीवास्तव का मूल पद प्रयोगशाला परिचारक है जो अपनी पैठ बनाकर कलेक्टर के निज सचिव बन कर कलेक्ट्रेट मऊगंज में अंगद की तरह पैर जमाये हुये हैं, जबकि नियम विरूद्ध अटैच किये गये कर्मचारी के खिलाफ कई शिकायतें शासन, प्रशासन को प्रेषित की जा चुकी है. नियम विरूद्ध तैनात एवं भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे स्थानीय व्यक्ति को तत्काल पदांकित संस्था की ओर मुक्त कर वायरल वीडियो की समुचित जांच कराकर दोषियों को दण्डित कर युवा शहीद केदारनाथ की कर्मभूमि मऊगंज को भ्रष्टाचारी चारागाह के मकड़जाल से बचायें अन्यथा दिनांक 15.12.2025 से कार्यालयीन समय में अनिश्चित कालीन धरना दिया जायेगा. जिसकी जिम्मेदारी शास-प्रशासन की होगी. साथ ही कमिश्नर से शिकायत करेगे.

# कांग्रेसियों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**हनुमना, 9 दिसम्बर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिलाल कोल के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने कलेक्टर कार्यालय मऊगंज पहुंचकर ज्ञापन सौपा.**



हनुमना के बार्ड क्रमांक 7 में अतिक्रमण के नाम पर हरियाणा आदिवासियों को परेशान किए जाने को लेकर मांग की है कि सत्ता के दबाव में हरियाणा आदिवासियों को परेशान किया जाना बंद नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए दिवस होगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी. जिला अध्यक्ष हरिलाल कॉल ने बताया कि हनुमना के वार्ड 7 में हरिजन आदिवासीयों की कई सालों से बसे हुए बस्ती झुग्गी झोपड़ी को कुछ सरहंग व्यक्तियों तथा सत्ता के दबाव में आकर शासन प्रशासन द्वारा जबरन बॉउंड्री बाल अतिक्रमण केनाम पर उजाड़ने का कार्य किया जा रहा है. जिसको लेकर मऊगंज कलेक्टर संजय जैन को ज्ञापन सौंपा गया है उन्होंने कहा कि हम हरिजन आदिवासीयों के साथ अन्याय नहीं होने देगे. ज्ञापन देते दौरान अनुसूचित जनजाति जाती के अध्यक्ष शिवलाल साकेत पूर्व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मकसूद खान वर्तमान युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सरपंच प्रतिनिधी रोहित कैलाशपुर, सुरेंद्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे.

# विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले सिद्धार्थ

नवभारत न्यूज

**त्योंथर, 9 दिसम्बर, भाजपा त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने त्योंथर व रीवा जिले की विभिन्न समस्याओं व विकास कार्यों को लेकर खजुराहो कैबिनेट बैठक में खजुराहो पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट की. मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों और जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई.**



मुख्यमंत्री ने विधायक को समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया,तथा विकास कार्यों को और गति देने की बात कही. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में सेवा और विकास के संकल्प को नई दिशा मिलेगी. खजुराहो में हुई युवा विधायक व मुख्यमंत्री की इस मुलाकात को राजनीतिक जानकारी अलग नजरिए से देख रहे हैं लेकिन सिद्धार्थ तिवारी ने इसे विकास के लिए हुई भेंट बताया. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ खजुराहो में कई कार्यक्रमों में शिरकत भी की, जिसमें कई मंत्री भी मौजूद थे.

# प्रयागराज माघ मेला के तीर्थ यात्रियों के लिए चाकघाट में होनी चाहिए समुचित व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**चाकघाट, 9 दिसम्बर, तीर्थराज प्रयाग की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के प्रवेश नगर चाकघाट में पुन: तीर्थराज प्रयाग गंगा स्नान के लिए जाने वाले तीर्थ यात्रियों का जमावड़ा होने की प्रबल संभावना है.**

प्रदेश का प्रवेश द्वार चाकघाट है और यहा से होकर तीर्थ यात्री प्रयागराज जाते है. प्रयागराज माघ मेला को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है. गत वर्ष प्रयागराज में महाकुंभ होने के कारण दक्षिण भारत से जाने वाले तीर्थ यात्रियों की यात्रा का मुख्य सड़क मार्ग यही चाकघाट नगर था जहां से होकर लोग प्रयाग पहुंचे थे. प्रयागराज में भारी भीड़ को देखते हुए तीर्थ यात्रियों को चाकघाट में भी रोक दिया जाता था जिसके कारण चाकघाट में भारी भीड़ बढ़ जाती थी. गत वर्ष तीर्थयार्थियों के लिए अस्थाई आवास एवं भोजन आदि की व्यवस्था किया गया था.

इस वर्ष भी तीर्थ यात्रियों की संख्या में वृद्धि होने की संभावना इनकार नहीं किया जा सकता. सामान्य माघ मेला की तुलना में कुंभ के पश्चात का यह माघ मेला महत्वपूर्ण माना जा रहा है जो तीर्थ यात्री उसे समय गंगा स्नान के लिए नहीं आ सके थे उनके आवागमन की संभावना ज्यादा है. ऐसी स्थिति में चाकघाट नगर परिषद क्षेत्र में तीर्थ यात्रियों के लिए आवास दवा एवं पेयजल आज की व्यवस्था का प्रबंध करना जरूरी हो गया है. समय रहते यदि चाकघाट में तीर्थ यात्रियों के लिए रैन बसेरा आदि बनवा लिया जाए तो आने वाले दिनों में लोगों को यहां ठहरने एवं मध्य प्रदेश सरकार की उदार नीतियों का आभास हो सकेगा. पता चला है कि गत वर्ष महाकुंभ की स्थिति को देखते हुए नगर परिषद चाकघाट के द्वारा जो टेंट आदि की व्यवस्था कर दी गई थी उनके किराए का भुगतान नगर परिषद द्वारा अभी तक नहीं किया गया है.

बताया जाता है कि जिला कलेक्टर के आदेशानुसार तत्काल यह व्यवस्था कर दी गई थी लेकिन उसके लिए कोई अतिरिक्त बजट एवं राशि का आवंटन नहीं हुआ जिसके कारण उस समय काम किए हुए लोगों को उनके पारिश्रमिक एवं उनकी सामग्री का भुगतान नहीं हुआ है. मुख्यमंत्री भी चाकघाट नगर में आ चुके हैं और इस क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने उनके मंच से यह घोषणा की थी कि चाकघाट को मध्य प्रदेश का प्रवेश द्वार मान कर यहां की व्यवस्था की जाएगी किंतु अभी भी नगर परिषद एवं अन्य संस्थाओं को ऐसा कोई निर्देश नहीं मिला है कि वह अगले महीने प्रारंभ होने वाले प्रयागराज माघ मेला में जाने वाले तीर्थ यात्रियों की कोई व्यवस्था करें. जिला प्रशासन एवं मध्य प्रदेश शासन के जिम्मेदार अधिकारियों से आग्रह है की गंगा स्नान के लिए माघ मेला में जाने वाले तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए चाकघाट में व्यवस्था बनाई जाए और जिन लोगों ने गत वर्ष कार्य किया है उनके भी बिलों का भुगतान किया जाय.